भोले की दीवानी | By Sumita Srivastava

ॐ नमः शिवाय..........

चलो चलें सब हरिद्वार हम शिव के द्वारे
पग पग मिलते भक्ति के जहाँ अजब नज़ारे
चलो चले सब शिव के द्वारे
अजब नज़ारे शिव के द्वारे
जय हो ....

भोले के हम दीवाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं
गंगा जल से भरके गागर
लाये शिव को चढाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं

और नहीं कोई दूजा ऐसा जैसे भोले भाले वो
देवों की खातिर हंस हंस पी गए
पी गए विष के प्याले वो
निर्बल और निर्धन की खातिर खोले अपने ख़ज़ाने है
भोले के हम दीवाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं

हैं देव निराले शिव भोले
बड़े भोले भाले शिव भोले
हमें शक्ति देते शिव भोले
हमें भक्ति देते शिव भोले
संकट हर लेते शिव भोले
झोली भर देते शिव भोले
सब कष्ट मिटायें शिव भोले
जो शरण में आये शिव भोले
जय हो जय हो, जय हो जय हो
जय हो............

जिसने जैसा वर माँगा है
कभी नहीं इनकार किया
डूबने वालों को मेरे शिव ने
पल में भव से पार किया
देवों में महादेव कहाये
सारी दुनिया ये माने है
भोले के हम दीवाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं

सावन मास में भोले शंकर
द्वार दया के खोलेंगे
जाएँ शिव की शरण में हम भी
हर हर बम बम बोलेंगे
सोमा भाव से ज्योत जगा के

आई शिव को मनाने है
भोले के हम दीवाने हैं
भोले के हम दीवाने हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-sumita-srivastava/